देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 105 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**आयुष से सौतेलापन क्यों?



# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 23 जुलाई 2021



मौसम — अधिकतम 30.0° न्यूनतम 24.0°

42243.40

2 राइफल लेकर काम कर रहे हैं चीनी

7 प्लेइंग इलेवन चुनने की चुनौती

# पेगासस जासूसी केस पर संसद में हंगामा

## राज्यसभा में टीएमसी सांसदों ने आईटी मिनिस्टर से छीनकर फाड़े पेपर, दोनों सदनों में भारी हंगामा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद के उच्च सदन राज्यसभा में तब भारी हंगामा मच गया जब तृणमूल कांग्रेस पार्टी के सांसदों ने आईटी मिनिस्टर अश्विणी वैष्णव के हाथ से पेपर छीन लिए और उसे सदन में ही फाड़ डाला। विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के हंगामे के बीच संसद की कार्यवाही लगातार तीसरे दिन बाधित रही। तीन केंद्रीय कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर कांग्रेस एवं अन्य दलों ने लोकसभा में हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही बार–बार स्थगित करनी पड़ी। अब सदन शाम चार बजे फिर बैठेगी, लेकिन विपक्ष के तेवर से कार्यवाही होने की संभावना कम ही दिखती है। उधर, राज्यसभा में कोविड–19 महामारी की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सिजन की कमी से मौतों के लेकर हंगामा होता रहा जिस कारण सभापति एम. वेंकैया नायडू ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। अब उच्च सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे दोबारा बहाल होगी।

**यूं चली लोकसभा की कार्यवाही**
उधर, कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने नए कृषि कानूनों के मुद्दे पर लोकसभा में हंगामा किया जिस कारण सदन की कार्यवाही शुरू होने के करीब 10 मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। फिर 12 बजे भी कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा हो गया जिस कारण लोकसभा अध्यक्ष को शाम 4 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने के साथ ही विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के निकट पहुंच गए।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में हंगामे के बीच प्रश्नकाल शुरू करवाया। इस दौरान कुछ सदस्यों ने जलशक्ति मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्न पूछे और जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उत्तर दिए। कांग्रेस के सदस्यों ने काले कानून वापस लो के नारे लगाए। उन्होंने तख्तियां हाथ में ले रखी थीं। इनमें से एक तख्ती पर 'अन्नदाता का अपमान बंद करो, तीनों कृषि कानून रद्द करो' लिखा था।

### संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही तीसरे दिन भी बाधित

**आईटी मिनिस्टर से छीने पेपर**
राज्यसभा में आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव जैसे ही कथित पेगासस जासूसी केस पर अपना बयान देने उठे, विपक्षी दलों ने शोर–शराबा शुरू कर दिया। इसी बीच प. बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के सांसद ने उनके हाथ से बयान की कॉपी छीन ली और उसे सदन में ही फाड़ दिया। कहा जा रहा है कि पार्टी सांसद शांतनु सेन ने प्रमुख भूमिका निभाई।



### भारतीय लोकतंत्र को बदनाम करने की कोशिशः अश्विनी वैष्णव

संसद के मानसून सत्र में पेगासस प्रोजेक्ट पर राज्यसभा में जवाब देते हुए आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एक वेब पोर्टल द्वारा 18 जुलाई को एक बेहद सनसनीखेज कहानी प्रकाशित की गई थी। इस कहानी के इर्द–गिर्द कई तरह के आरोप लगाए गए। संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले प्रेस रिपोर्ट सामने आई। यह संयोग नहीं हो सकता। 18 जुलाई की प्रेस रिपोर्ट भी भारतीय लोकतंत्र और इसकी सुस्थापित संस्था को बदनाम करने का प्रयास प्रतीत होती है। पहले भी व्हाट्सअप पर पेगासस के इस्तेमाल को लेकर इसी तरह के दावे किए गए थे। उन रिपोर्टों का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं था और सर्वोच्च न्यायालय सहित सभी पक्षों द्वारा स्पष्ट रूप से इनकार किया गया था।

### टीएमसी सांसदों पर बरसे बीजेपी सांसद

बीजेपी सांसद ने कहा कि विपक्ष को सवाल पूछने का अधिकार है, लेकिन चर्चा के बजाय हमें सदन के अंदर इस तरह का हो–हंगामा देखने को मिला। यह नियमों के बिल्कुल खिलाफ है और मुझे लगता है कि इसकी भरपूर भर्त्सना होनी चाहिए। वहीं, एक और बीजेपी सांसद महेश पोद्दार ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि टीएमसी तो प. बंगाल में विपक्षियों की हत्या और महिलाओं से दुर्व्यवहार तक करती है, इसलिए उससे संसद सदस्य कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, आज उन्होंने पेपर छीनकर फाड़ दिए, कोई आश्चर्य नहीं कि वो कल कपड़े फाड़ दें। हालांकि, सदन के बाहर टीएमसी सांसद शुभेंदु शेखर रॉय ने मीडिया के सवालों पर कुछ भी जवाब नहीं दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### हल्द्वानी जेल में 14 कैदी मिले एचआईवी पॉजिटिव, हड़कंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
हल्द्वानी। उत्तराखंड के कुमाऊँ मण्डल में स्थित हल्द्वानी जेल में 13 पुरूष व एक महिला कैदी के एचआईवी संक्रमित पाये जाने के बाद जेल प्रशासन व स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार हल्द्वानी जेल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैदियों का रुटीन स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा था इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों को 14 कैदी एचआईवी संक्रमित मिले। जिनकी पहचान सार्वजनिक न करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एंटी रेट्रो वायरल थेरैपी के माध्यम से कैदियों का ईलाज करते हुए पोषण युक्त भोजन देने की संस्तुति की है।

### संक्रमण के 41 हजार से ज्यादा मामले दर्ज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण के दैनिक मामलों में लगातार उतार–चढ़ाव देखा जा रहा है। पिछले दो दिनों में कोरोना संक्रमण के 40 हजार से ज्यादा दैनिक मामले दर्ज किए गए हैं।

# प्रदर्शनकारी किसानों का आरोप, 'लगता है हमारी भी जासूसी करा रही है सरकार'

## मांगः काले कानून सरकार को वापस लेने ही होंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रदर्शनकारी किसानों ने सरकार पर जासूसी कराने का अंदेशा जताया है। केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे किसान नेताओं ने गुरुवार को यह आशंका जाहिर की। उन्होंने शक जताते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार इजरायली सॉफ्टवेयर पेगासस के जरिये उनकी जासूसी करवा रही है।

किसान नेता शिव कुमार कक्का ने कहा, 'यह एक अनैतिक सरकार है। हमें अंदेशा है कि हमारे नंबर उन लोगों की सूची में शामिल हैं, जिनकी जासूसी कराई जा रही है।' उन्होंने आरोप लगाया, 'जासूसी के पीछे सरकार है। यह स्पष्ट है और यह मुद्दा जोर पकड़ रहा है। हम जानते हैं कि वे हम पर भी नजर रख रहे हैं।'

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कृषि कानूनों के विरोध में प्रदर्शन कर रहे किसानों पर विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने इन किसानों की तुलना मवालियों से की है। यह भी कहा है कि इस तरह प्रदर्शन करना आपराधिक है। विपक्ष ऐसी चीजों को हवा दे रहा है। लेखी के इस बयान पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने उनके बयान पर तीखा विरोध जाहिर किया है। साथ ही लेखी के इस्तीफे की भी मांग की है। गुरुवार को मीडिया से मुखातिब मीनाक्षी लेखी ने कहा, वे किसान नहीं मवाली हैं। इसका संज्ञान भी लेना चाहिए। ये आपराधिक गतिविधियां हैं। उसमें विपक्ष की ओर से चीजों को बढ़ावा दिया गया। कृषि कानूनों के विरोध में प्रदर्शन कर रहे किसानों पर पूछे गए एक सवाल पर लेखी ने यह बयान दिया। उन्होंने पत्रकार से कहा कि आप फिर उन्हें किसान बोल रहे हैं, वो मवाली हैं।

### राकेश टिकैत ने मोदी सरकार को एक बार फिर दी चेतावनी

दिल्ली के जंतर मंतर पर बृहस्पतिवार को किसानों की संसद बैठी है। भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने अपने संबोधन में कृषि कानूनों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को एक बार फिर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ये काले कानून सरकार को वापस लेने ही होंगे। उन्होंने चेतावनी और तंज भरे लहजे में नेताओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि गांव में आना तो वहां के डॉक्टर आपका इलाज करेंगे। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी के बयान पर किसान नेता राकेश टिकैत ने अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि लेखी को ऐसा बयान नहीं देना चाहिए।

# पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद पर आज होगी सिद्धू की ताजपोशी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। नवजोत सिंह सिद्धू शुक्रवार को पंजाब कांग्रेस के नए अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। उनके ताजपोशी कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को भी न्योता भेजा गया है। पंजाब कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष कुलजीत नागरा और संगत सिंह गिलजियां ने अमरिंदर सिंह से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में आने का न्योता दिया। उनका दावा है कि कैप्टन ने समारोह में आने का वादा किया है।

कांग्रेस कमिटी के दोनों नेताओं ने सिद्धू का साइन किया गया आमंत्रण पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। सिद्धू की ताजपोशी का कार्यक्रम शुक्रवार सुबह 11 बजे होगा। इस दौरान सुनील जाखड़ सिद्धू को पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद की कमान सौंपेंगे। पंजाब सरकार के सभी मंत्रियों, विधायकों और नेताओं को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

**कैप्टन ने जताई थी खुलकर नाराजगीः** गौरतलब है कि सिद्धू को पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कड़ा विरोध जताया था। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पंजाब की राजनीति में हस्तक्षेप न करने के लिए कहा था। इसके बाद कांग्रेस के पंजाब प्रभारी हरीश रावत ने कैप्टन से मुलाकात की थी।

### ताजपोशी

- सीएम अमरिंदर सिंह ने कबूला न्योता

### मेरा कोई पर्सनल एजेंडा नहीं: सिद्धू

सिद्धू ने कैप्टन अमरिंदर सिंह को व्यक्तिगत पत्र लिखकर समारोह में शामिल होने के लिए न्योता भेजा है। इसमें उन्होंने लिखा है कि मेरा कोई पर्सनल एजेंडा नहीं है। मेरा एजेंडा सिर्फ पंजाब की जनता के लिए है। इसलिए मैं कांग्रेस परिवार का सबसे वरिष्ठ सदस्य होने के नाते आपको अपने कार्यक्रम में आमंत्रित कर रहा हूं।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# कोरोना का डेल्टा वेरिएंट सबसे खतरनाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली/जिनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि भारत, चीन, रूस, इजरायल और ब्रिटेन समेत दुनियाभर के कई देशों में पिछले चार सप्ताह में 75 प्रतिशत से ज्यादा संक्रमण डेल्टा वेरियेंट से ही हुए। डब्ल्यूएचओ ने 20 जुलाई को वैश्विक महामारी संबंधी साप्ताहिक अद्यतन जानकारी में कहा कि व्यापक स्तर पर टीकाकरण के प्रयासों के बावजूद डब्ल्यूएचओ के सभी छह क्षेत्रों में कई देशों में संक्रमण को मामले बढ़े हैं।

### अधिक तेजी से संक्रमित करता है: डब्ल्यूएचओ

**बीते सप्ताह इन देशों में बढ़े केसः** पिछले सप्ताह संक्रमण के सबसे ज्यादा नए मामले इंडोनेशिया (3,50,273 नए मामले), ब्रिटेन (2,96,447 नए मामले), ब्राजील (2,87,610 नए मामले), भारत (2,68,843 नए मामले आठ प्रतिशत की कमी) और अमेरिका (2,16,433 नए मामलेय 68 प्रतिशत की वृद्धि) में सामने आए। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि इसके अलावा कई साक्ष्य यह साबित करते हैं कि डेल्टा उन वेरिएंट्स की तुलना में अधिक तेजी से संक्रमित करता है, जो चिंताजनक वेरिएंट नहीं हैं।